हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 10 सितम्बर, 2020/19 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 42

पंचायतों का पुनर्गठन

*2980 **श्री हीरा लाल(करसोग) :**
श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :
श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार प्रदेश में नई पंचायतों का गठन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो किन मापदण्डों के आधार पर नई पंचायतों का गठन किया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में कुल कितनी पंचायतों का पुनर्गठन किया गया, बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पंचायतों के पुनर्गठन प्रस्ताव प्राप्त हुए थे इनमें से कितनी पंचायतों का पुनर्गठन किया गया व कितनों का नहीं व किस आधार पर किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या कोई ऐसी भी पंचायतें शेष बची हैं, जो कि सारे मापदंड पूरा करती हैं लेकिन उन्हें अलग नहीं किया गया; यदि हां, तो इन पंचायतों की जनसंख्या को देखते हुए क्या सरकार इन्हें दोबारा पुनर्गठित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

रूपेणा-कथयारी सड़क

***2981 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रूपेणा-कथयारी वाया परसियारा सड़क का कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो कारण; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी तथा सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

विद्युत परियोजनाएं

***2982 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विद्युत परियोजनाओं के विक्रय करने हेतु क्या नियम हैं; और

(ख) क्या 2 मैगावाट के ऊपर के स्तर की परियोजनाओं पर भी यही नियम लागू होते हैं; नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो कारण?

लम्बित योजनाएं

***2983 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक जल शक्ति मंडल नालागढ़ में विभिन्न मदों के अन्तर्गत कितने सिंचाई ट्यूबवैल तथा सिंचाई व पेयजल योजनाएं स्वीकृत हुईं; ब्यौरा योजनावार व धनराशिवार दें;

(ख) इस वर्ष बरसात के कारण इस क्षेत्र में कितना नुकसान हुआ व मरम्मत हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कहां-कहां व्यय की गई;

(ग) नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस अवधि के दौरान किस-किस डाया की कितनी पाइपें क्रय की गईं तथा उनका वितरण कहां-कहां किया गया; लाभार्थियों व योजनाओं का ब्यौरा दें; और

(घ) इस मंडल में कितने हैंडपम्प चालू हालत में हैं तथा कितने बंद पड़े हैं तथा खराब पड़े हैंडपम्पों को कब तक ठीक कर दिया जाएगा?

सड़क निर्माण

***2984 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बीड़-बड़ाग्रां सड़क के निर्माण हेतु FCA की स्वीकृति न मिलने के कारण कार्य लम्बित पड़ा है; यदि हां, तो सरकार इस बारे में क्या पग उठा रही है?

सर्टिफिकेट

***2985 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि विभिन्न सरकारी विभागों में रोजगार प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा ऑनलाइन फॉर्म व सर्टिफिकेट मांगे जाते हैं; और

(ख) यह सत्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन्टरनेट की सुविधा न होने के कारण सर्टिफिकेट बनवाने में परेशानी होती है; यदि हां, तो सरकार विकल्प के तौर पर ऑफलाइन सर्टिफिकेट जारी करने का विचार रखती है?

स्वीकृत धनराशि

***2986 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा AMP के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है, कितनी विभिन्न कार्यों हेतु व्यय की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी धनराशि लोक निर्माण मण्डल-I में इस योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है व किन-किन कार्यों हेतु व्यय की गई तथा कितनी धनराशि शेष है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***2987 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खशधार, बरतू, मसली व राजकीय उच्च पाठशाला राहोल के भवन निर्माण हेतु निविदाएं

कब आमंत्रित की गईं थीं तथा कार्य कब आवंटित किया गया; कितना कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्माण कार्य में देरी के क्या कारण रहे?

मल निकासी योजना

***2988 श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत रिकांगपिओ जल शक्ति मण्डल में मल निकासी योजना कल्पा व बहाव सिंचाई योजना (FIS) बोगटु कूहल तथा पूह जल शक्ति डिवीज़न में LIS स्पीलो, सुन्नम, नमज्ञा खाब व मल निकासी योजना सुन्नम, रिब्बा, पूह व नमज्ञा की DPRs न बनने के क्या कारण हैं और यह कब तक बना दी जाएंगी?

हिम केयर योजना

***2989 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक कितने लोग हिम केयर योजना से लाभान्वित हुए; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इस योजना का लाभ प्रदेश से बाहर ईलाज करवाने पर भी मिलता है; यदि हां, तो किस-किस अस्पताल और किस-किस प्रदेश में; ब्यौरा दें?

कोरोना के मामले

***2990 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :
श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 6 माह में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में कोरोना के कितने मामले पॉज़िटिव पाए गए तथा कितनों को क्वारन्टाईन किया गया; इस दौरान कितनी मौतें हुईं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) कोरोना से निपटने हेतु केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई व जनता से

कितनी धनराशि दान स्वरूप प्राप्त हुई;

(ग) कोरोना से निपटने हेतु सरकार ने जिलावार कितनी धनराशि व्यय की;

(घ) इस दौरान कितने लोगों के विरुद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज़ हुई; ब्यौरा दें; और

(ङ) हिमाचल प्रदेश में कितने Quarantine Centres बनाए गए व कितनी कोविड-19 की Testing Machines लगाई गईं; तहसीलवार ब्यौरा दें; क्या इन Quarantine Centres को बनाने में सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करवाई गई ?

Metalling/Tarring

***2991 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state the latest position of metalling and tarring work of Uchi-Daranghati-Deothi and Khanog-Surad roads; how much amount has been sanctioned for these roads?

Asymptomatic Patients

***2992 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) does the Dedicated Covid hospitals have the provisions to treat asymptomatic covid positive patients who fall under the categories of twenty three weeks pregnancy, head injury and cardiac ailment; and

(b) if not, what steps have been taken by the Government to treat such patients?

मुख्य मन्त्री स्वावलंबन योजना

***2993 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना के अन्तर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु कितने मामले स्वीकृत तथा कितने यूनिट स्थापित हुए हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

राजकीय महाविद्यालय मटौर

***2994 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय मटौर के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

बी0एस0एल0 प्रोजैक्ट

***2995 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बी0एस0एल0 प्रोजैक्ट सुन्दरनगर से प्रति वर्ष कितनी बार सिल्ट निकाली जाती है तथा इसे कहां डम्प किया जाता है; और

(ख) सिल्ट से किसानों के खेतों तथा फसल को बचाने के लिए बी0बी0एम0बी0 द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

Eco Task Force

***2996 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) what is the present status of Eco Task Force; and

(b) will the Government consider continuity of services of Ex-servicemen employed by the Eco Task Force to protect environment and afforestation?

Bottling Plant

***2997 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ऊना जिला के पेखूबेला में Indian Oil Corporation Limited द्वारा Bottling Plant स्थापित करने हेतु प्रदेश सरकार के साथ MOU साईन किया गया है; यदि हां, तो किन शर्तों पर; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) क्या इस प्लांट में Transportation व हिमाचलियों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु शर्तें रखी गई हैं; और

(ग) IOCL द्वारा कितनी धनराशि ऊना जिला में किन-किन गांवों के विकास हेतु व्यय की गई है; ब्यौरा दें?

Sakshar Bharat Mission

***2998 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Prerakas were employed under Sakshar Bharat Mission, 2011 in Chamba District;

(b) is it also a fact that the project has now been closed; and

(c) what steps have been taken by the Government to release the honorariam of Rs.2000/- per month which was not paid for last 18 months?

हिमाचलियों की वापसी

***2999 श्री किशोरी लाल (आनी) :**
श्री विनोद कुमार(नाचन) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लॉक डाऊन के दौरान सरकार द्वारा बाहरी राज्यों से कितने हिमाचलियों को प्रदेश में वापिस लाया गया; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

आवासीय योजना

***3000 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 01.01.2020 से 31.07.2020 तक हिमुडा द्वारा आवासीय योजनाओं हेतु कितनी जमीन किस-किस से और कितनी-कितनी धनराशि से क्रय की गई;

(ख) यह सत्य है कि इस खरीद को लेकर कोई शिकायत की गई है; यदि हां, तो खरीदी गई जमीन के रेट, नेगोसिएशन प्रोसीडिंग, सर्कल रेट तथा शिकायत की प्रति सभा पटल

पर रखें; और

(ग) शिकायत में वर्णित अधिकारियों की वर्तमान नियुक्ति का ब्यौरा दें?

वृत्त कार्यालय

***3001 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रोजैक्ट कंस्ट्रक्शन मण्डल तीसा तथा एच0आई0डी0 मण्डल चम्बा का वृत्त कार्यालय मंडी में स्थित है; यदि हां, तो सरकार प्लानिंग वृत्त कार्यालय चम्बा में कब से खोलने का विचार रखती है?

जल जीवन मिशन

***3002 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत करसोग जल शक्ति विभाग में कितनी योजनाओं का कार्य शुरू हो चुका है और कितनी का शेष है; ब्यौरा दें?

ट्रांसफार्मर

***3003 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने ट्रांसफार्मर किस-किस क्षमता (KV) के कौन-कौन से स्थान पर स्थापित हैं; इनमें से कितने चालू हालत में हैं और कितने खराब (non-working) हैं; ब्यौरा ट्रांसफार्मरवार व खराब होने के कारण सहित दें?

सड़क निर्माण

***3004 श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.08.2020 तक सरकार द्वारा लोक निर्माण मण्डल नालागढ़ में कितनी सड़कें स्वीकृत की गईं, कितनी का कार्य पूर्ण किया गया तथा कितनी का शेष हैं

तथा इनका कार्य किन-किन ठेकेदारों को आवंटित किया गया; ब्यौरा सड़कवार व ठेकेदार के नाम सहित दें;

(ख) प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के अन्तर्गत निर्मित पंजैहरा-बरूणा-दियोली सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; ठेकेदार ने मरम्मत कार्य शर्तों के अनुरूप किया है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) यह सत्य है कि बरूणा-गुल्लरवाला-अभीपुर-कालाबाड़ी-बघेरी-बैरछा-मस्तानपुरा सडक़ पर मरम्मत के पश्चात कुछ महीनों में ही खड्डे पड़ चुके हैं; और

(घ) क्या सरकार इस सड़क बनाने वाले ठेकेदार के ख़िलाफ़ जांच करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

चढ़ियार सब-स्टेशन

*3005 **श्री मुलख राज (बैजनाथ)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बिजली के सुधारीकरण हेतु चढ़ियार में बन रहे 132.33 के.वी. सब-स्टेशन और पपरोला मे बन रहे 33 के.वी. सब-स्टेशन के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) सरकार कगैन सब-स्टेशन से 33 के.वी. लाइन को चढ़ियार सब-स्टेशन से जोड़ने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

भवन निर्माण

*3006 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल के भवन निर्माण का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना शेष है तथा शेष कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

नाबार्ड की योजनाएं

*3007 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2020 तक कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता में नाबार्ड की कितनी योजनाएं व धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) इन योजनाओं में से कितनों का कार्य प्रगति पर है और कितनी योजनाओं का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं किया गया है; ब्यौरा दें?

विश्राम गृह

*3008 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुटाड़ा में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कितनी व्यय की गई व इसका कार्य किन कारणों से बंद पड़ा है; ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यशाला

*3009 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ज़िला किन्नौर के रिकांगपिओ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की कार्यशाला दिनांक 14/08/2020 को आयोजित की गई थी; यदि हां, तो किसकी अनुमति से?

वन क्षेत्र में वृद्धि

*3010 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश का कितना भू-भाग वन भूमि है; ब्यौरा किस्मवार दें;

(ख) यह सत्य है कि वन भूमि के खाली भू-भाग पर प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक वन आवरण क्षेत्र में कितनी वृद्धि हुई; ब्यौरा जिलावार दें?

डिग्री फर्जीवाड़ा

*3011 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मानव भारती विश्वविद्यालय द्वारा फर्जी डिग्रियां बांटने का मामला प्रकाश में आया है; यदि हां, तो कितनी डिग्रियां फर्जी तौर पर वितरित की गई हैं; और

(ख) इस मामले में अब तक कितने व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और क्या सरकार जाँच सी0बी0आई0 को सौंपने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

*3012 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर में आयुर्वेद विभाग में विभिन्न श्रेणियों के अस्पतालों एवं औषधालयों हेतु कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Model School

*3013 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural)**:

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Government has notified the GSSS Suni as a Model School; and

(b) if yes, what steps have been taken by the Government to provide facilities which should be provided to a Model School?

PHCs without Staff

***3014 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many PHCs are without Doctors and other staff in Rampur and Nankhari Block and by when the vacant posts will be filled up; and

(b) how many PHCs do not have bulidings in Rampur Constituency and what steps have been taken by the Government to construct the buldings?

वित्तीय घाटा

***3015 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि HPSEBL घाटे में चल रहा है; यदि हां, तो घाटे को कम करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

गग्गल हवाई अड्डे का विस्तार

***3016 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा (गग्गल) हवाई अड्डे का कितना विस्तार प्रस्तावित है; इससे कितने लोग विस्थापित होंगे; उनको बसाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है व उन्हें मुआवजा किस आधार पर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***3017 श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पांगणा-मझांगण सड़क किस योजना के अन्तर्गत बनाई जा रही है; इसका निर्माण कार्य कब शुरू किया गया तथा इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) निहरी से चरखड़ी तक सड़क बनाने की कोई योजना है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***3018 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में तीनों शहरी निकायों (ऊना, मैहतपुर बसदेहड़ा व संतोषगढ़) हेतु कुल कितने पद स्वीकृत किए गए हैं;

(ख) इन निकायों में कितने पद रिक्त हैं व कितने कर्मचारी आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत हैं; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने का सरकार विचार रखती है; और

(ग) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक तीनों नगर परिषदों में कितनी धनराशि के विकासात्मक कार्य हुए हैं; ब्यौरा नगर परिषदवार दें?

WSS for Drought Areas

***3019 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state the latest position of WSS for drought affected areas of Salooni, Manjeer and Deur under Jal Shakti Vibhag Salooni; details be given?

तटीयकरण

***3020 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगर परिषद सुजानपुर टीहरा के अंतर्गत वार्ड संख्या-8 में नाले के तटीयकरण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सड़क निर्माण

*3021 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रजेरा-वैली, सिल्लाघराट-सनोथा तथा रजेरा-वैली-संगेर सड़कों हेतु NPV कब तक जमा करवा दी जाएगी?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 25 अगस्त, 2020. **सचिव।**